>

Title: Request to reconstruct demolished Sevalal Tample again and rename airport on the name of the Sant Seva Lal in Gulburga, Karnataka.

डॉ. उमेश जी. जाधव (गुलबर्गा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । कर्नाटक के गुलबर्गा में कल्याण, कर्नाटक में 22 तारीख को नए एयरपोर्ट का इनॉगरेशन हुआ है । उस एयरपोर्ट के लिए थांडा के लोगों ने सरकार को 700 एकड़ जमीन दी थी । लेकिन एक कंडीशन के हिसाब वे अपना घर छोड़कर चले गए थे । वहां पर दो टेम्पल, एक सेवालाल टेम्पल और दूसरा मरियम्मा देवी का टेम्पल था । पहले कंडीशन थी कि टेम्पल को डिमोलिश नहीं करेंगे, लेकिन इनॉगरेशन के एक दिन पहले उस टेम्पल को डिमोलिश कर दिया गया । सिर्फ डिमोलिश ही नहीं किया गया, अंदर की दो मूर्तियों को फोड़ कर उनको बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया गया है । अभी कर्नाटक में सभी जगह प्रोटेस्ट चल रहा है । उन लोगों की मांग है कि जो कल्प्रिट हैं, उनको सजा दी जाए । स्टेट और सेन्ट्रल गवर्नमेंट में उनका झगड़ा चल रहा है । उनको तुरंत अरेस्ट करके पनिशमेन्ट दी जाए । उन लोगों की डिमांड है कि वहां एक बार फिर से टेम्पल बने, क्योंकि वह टेम्पल किसी के बीच में नहीं आ रहा है । उनकी एक बहुत बड़ी मांग है कि संत सेवालाल के नाम से वहां पर एक एयरपोर्ट बनाया जाए ।